भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1164

उत्तर दिए जाने की तारीख : 11.02.2021

ग्रामीण क्षेत्रों में ऑनलाइन कक्षाओं तक और प्रौद्योगिकी के उपयोग की सुलभता में कमी

1164 **श्री संजय सिंह:**

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे क

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि महामारी के दौरान ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से पढ़ाए जाने से इन्टरनेट और प्रौद्योगिकी तक खराब पहुंच के कारण शहरी और ग्रामीण जनसंख्या के बीच का सामाजिक-आर्थिक विभाजन और भी अधिक गहरा हो गया है;

(ख) यदि हां, तो इस अन्तर को कम करने के लिए सरकार द्वारा कौन-कौन से उपाय किया जाना प्रस्तावित है ;

(ग) क्या सरकार को स्कूल के बच्चों के लिए शिक्षा के माध्यम के रुप में रेडियो और टेलीविजन के उपयोग की अक्षमता की जानकारी है; और

(घ) यदि हां, तो इस समस्या का समाधान करने के लिए सरकार द्वारा कौन-कौन से कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (घ) विभिन्न डिजिटल टूलों को नियोजित करके स्कूलों में ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए कई प्रयास किए गए हैं जो न केवल वर्तमान परिस्थितियों में सहायक होंगे बल्कि भविष्य में भी ऑनलाइन सीखने के लिए मूल्यवान संपत्ति होंगे।

सभी राज्यों द्वारा डिजिटल शिक्षा प्रदान करने के लिए उठाए गए सभी कदमों को इस रिपोर्ट में दिखाया गया है - भारत रिपोर्ट डिजिटल शिक्षा, जून 2020। यह रिपोर्ट यहाँ पर पायी जा सकती है:
https://mhrd.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/India_Report_Digital_Education_0.pdf

ऑफलाइन लर्निंग टूल जेसे कि रेडियो, सामुदायिक रेडियो और CBSE पॉडकास्ट, टोल फ्री नंबर, मिस्ड कॉल, ऑडियो कंटेंट के लिए एसएमएस आधारित अनुरोध, संपादन के लिए स्थानीयकृत रेडियो सामग्री आदि के रूप में भी लर्निंग प्रोग्राम शुरू किए गए हैं। उन छात्रों के लिए जिनके पास डिजिटल साधन नहीं हैं, उनके लिए टीवी, रेडियो का उपयोग किया गया है।

ऑनलाइन शिक्षा का हर वर्ग के छात्रों को लाभ मिल सके इसके लिए लर्निंग एन्हांसमेंट दिशानिर्देश 19 अगस्त 2020 को जारी किए गए हैं:
https://www.mhrd.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/Learning_Enhancement_0.pdf

****